स्थापित वर्ष 1988 email :- mpwrdsportsclub@gmail.com पंजीयन क्रमांक–20854

# मध्यप्रदेश सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्टस क्लब,भोपाल

कार्या–शेड क्र.3, मुख्य अभियंता, चंबल बेतवा कछार, परिसर नूतन कॉलेज के सामने, शिवाजी नगर,भोपाल (म.प्र.)–1

(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त)

मुख्य ट्रस्टीज
(1) प्रमुख अभियंता, म.प्र. जल संसाधन विभाग, भोपाल
(2) सदस्य अभियांत्रिकी, नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण, भोपाल

ट्रस्टीज:
(1) समस्त मुख्य अभियंता, म.प्र., जल संसाधन विभाग
(2) समस्त मुख्य अभियंता, नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण म.प्र.

यह क्लब म.प्र. जल संसाधन विभाग एवं नर्मदाघाटी विकास प्राधिकरण के समस्त श्रेणियों के अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करता है

संरक्षक:– अरविन्द कुशवाहा, मो. 9425336430, प्रदेश संयोजक:– दिनेश श्रीवास्तव, मो 9755467957

अखिलेश श्रीवास्तव (भोपाल) प्रान्तीय अध्यक्ष मो.–9425369038, 9755166679

प्रवीण शर्मा (जबलपुर) प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मो.–9300994737

आशिक अली (इन्दौर) प्रान्तीय अंकेक्षक मो. 9424552278

मुईनउद्दीन कुरैशी (भोपाल) प्रान्तीय महासचिव मो.–9425372606, 9589289986

प्रान्तीय उपाध्यक्ष
संतोष जोशी (भोपाल) मो. 9425666280
सी.के. जाउलकर(जबलपुर) मो. 9981479422
अवधेश भटनागर(ग्वालियर) मो. 9827002522
महेन्द्र ओगले (होशंगाबाद) मो.9425643224
आर. जी. घनघोरिया (इन्दौर) मो. 9827017819
असद खान (सतना) मो. 9301416012

कार्यालयीन सचिव
कमल सिंह (भोपाल) मो. 9425028239

अतिरिक्त महासचिव
राजकुमार श्रीवास्तव (भोपाल) मो. 9425687460
उदय सक्सेना (ग्वालियर) मो. 7566305001

बेंच मैनेजर
जी. के. अग्रवाल (भोपाल) मो.–9425375436

प्रचार सचिव
आजाद सिंह पवार (भोपाल) मो. 9424400695

प्रचार सह–सचिव
आर. एल. सूर्यवंशी (भोपाल) मो.– 9406957047

संयुक्त सचिव
संजय पदवाड़ (भोपाल) मो. 9425680499
श्रीनिवास मिश्रा (रीवा) मो. 9424648943
उमेश पारखी (जबलपुर) मो. 9926749811
जे. आर. लितकर(होशंगाबाद) मो. 9926326169
हर्ष गिवास (इन्दौर) मो. 9826724973
शेख उमर बख्श (ग्वालियर) मो. 9926225642

कोषाध्यक्ष
एस. के. नामदेव (भोपाल) मो. 9425378155

सह–कोषाध्यक्ष
प्रमोद चाफेकर (भोपाल) मो.– 9425372173

क्रं. 45./प्रा.महा./का.वि./2016 दिनांक: 13/01/2016

प्रति,

संरक्षक/प्रदेश संयोजक,
समस्त प्रान्तीय पदाधिकारीगण
समस्त क्षेत्रीय अध्यक्ष
भोपाल/जबलपुर/इन्दौर/रीवा/ग्वालियर/होशंगाबाद

विषय:–प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 10/01/2016 का कार्यवाही विवरण।

संदर्भ:–प्रान्तीय स्पो. क्लब का पत्र क्रं. 40/प्रा.अ./2015 दि. 26/12/2015.

—00—

उपरोक्त विषयान्तर्गत तथा संदर्भित पत्र के परिप्रेक्ष्य में शासन द्वारा मान्यता प्राप्त म.प्र. सिंचाई (जल संसाधन) विभाग स्पोर्टस क्लब की प्रान्तीय कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 10/01/2016 को क्षेत्रीय क्लब ग्वालियर के तत्वाधान में मोहिनी सागर कालोनी, कम्यूनिटी हॉल शिवपुरी में सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता स्पोर्टस क्लब के प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव जी ने की। इस बैठक में पूरे प्रदेश से पधारे हुए प्रान्तीय पदाधिकारियों/क्षेत्रीय अध्यक्षों/मेजबान ग्वालियर क्षेत्र के पदाधिकारियों (हस्ताक्षरित सूची संलग्न) ने भाग लिया।

बैठक में पूर्व से नियत मुद्दों पर एजेन्डावार चर्चा हुई एवं निर्णय लिये गये। बैठक प्रारम्भ करने के पूर्व स्थानीय संचालन करते हुए श्री नासिर खान (प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य) एवं क्षेत्रीय अध्यक्ष ग्वालियर श्री सन्तोष जैन

**प्रान्तीय खेल संयोजक** :– क्रिकेट–अनिल शिरोड, बैडमिन्टन–बी.एस.जादौन, टेबिल टेनिस–फिरोज सरकारी, लानटेनिस–ए. पी. सिंह, कब्बडी–सुनील कुमार ति फुटवाल–अनिल सपेरा, वालीवॉल–जे. के. मस्कोले, शूटिंगबाल–आर. एस. शर्मा, कैरम–शाहिद हुसैन, शतरंज–बी.के. शर्मा, एथलेटिक्स–आजाद सिंह पंवार,
**प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य** :– संतोष जैन, बशारत खान, मनीष मण्डलिक, डी. पी. मिश्रा, दत्तात्रेय वराट, अजय तायल, राजीव सालगांवकर, कैलाश गुप्ता, प्रकाश श शर्मा, अजय पाल शर्मा, सुभाष गुप्ता, अशोक मारकोस,मोहन शर्मा, नासिर अली, प्रभुनाथ जायसवाल, विनय पांडे, एच. एल. गेहलोत, एस. एन. अहिरवार, संजय साल्वे, गिरीश दाढकर, दिलीप पटेल, हरीश शुक्ला, मनोज वर्मा, डी. के. मालवीय, अम्बरीष श्रीवास्तव, राधेश्याम चौहान, संदीप जैन, के. के. शर्मा मोहन शुक्ला, विनोद नागर, एस. महरा, श्यामराज सिंह, विक्रम सिंह, पी. के. जैन, वीरेन्द्र शर्मा,

द्वारा श्री अखिलेश श्रीवास्तव प्रान्तीय अध्यक्ष, श्री प्रवीण कुमार शर्मा, श्री अरविन्द सिंह कुशवाह संरक्षक, श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव प्रदेश संयोजक, प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी ग्वालियर, श्री अवधेश भटनागर, श्री मुईनउद्दीन कुरेशी प्रान्तीय महासचिव एवं श्री मनोहर बराटे अनुविभागीय अधिकारी मढ़ीखेड़ा उपसंभाग एवं उप आयोजक 26वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता को मंचासीन कराया गया। मंच परआसीन अतिथियों एवं पूरेप्रदेश से पधारे प्रान्तीय/क्षेत्रीय पदाधिकारियों का पुष्पहार से स्वागत क्षेत्रीय क्लब ग्वालियर द्वारा किया गया।

प्रान्तीय महासचिव श्री मुईनउद्दीन कुरेशी ने प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव जी से अनुमति प्राप्त करते हुए विधिवत बैठक प्रारम्भ की। तत्पश्चात एजेण्डावार चर्चा हुई–

एजेण्डा क्रं.–1:– <u>26वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में कम परिवर्तन संबंधी की गई कार्यवाही का अनुमोदन–</u>

प्रान्तीय महासचिव श्री मुईनउद्दीन कुरेशी ने जानकारी दी कि सदस्य (अभियांत्रिकी) न.घा.वि.प्रा. भोपाल ने पत्र क्रं. 3336/33/स्था/सा/अभि/ई.ई. –5/पार्ट–1/2006 दिनांक 20/12/2015 तथा सदस्य (वित्त) न.घा.वि.प्रा. के पत्र क्रं. 1123/बी/458–9/स्का./वित्त/ न.घा.वि.प्रा./15–16 दिनांक 10/12/2015 द्वारा प्रान्तीय स्पोर्टस क्लब को अवगत करायागया है कि जबलपुर में प्रस्तावित प्रतियोगिता हेतु संबंधित आहरण संवितरण अधिकारी द्वारा बजट में प्रावधान शामिल नहीं करने एवं राशि उपलब्ध न होने के कारण आवंटन जारी करना संभव नहीं है। प्रतियोगिता को निरन्तरता प्रदान करने के उद्देश्य से तत्काल क्षेत्रीय अध्यक्ष ग्वालियर को 26 वी प्रतियोगिता के आयोजन के लिये सहमति देने के निर्देश दिये गये। प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग, भोपाल द्वारा पत्र क्र. 3312241/618/ दिनांक 8/3/11 द्वारा जारी खेल कलेण्डर द्वारा जबलपुर के बाद अगला क्रम ग्वालियर निर्धारित किया गया है। इसी परिप्रेक्ष्य में तथा क्षेत्रीय क्लब ग्वालियर की लिखित सहमति के आधार पर प्रमुख अभियंता, महोदय से जबलपुर के स्थान पर ग्वालियर में प्रतियोगिता आयोजित करने हेतु अनुरोध किया गया। प्रान्तीय स्पोर्टस क्लब द्वारा अल्प समय में की गई कार्यवाही को देखते हुए प्रमुख अभियंता जल संसाधन विभाग, भोपाल द्वारा उनके पत्र क्रं. 3314100/1–2/2016/2971 दिनांक 21/12/2015 द्वारा 26वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता ग्वालियर क्षेत्र के तत्वाधान में शिवपुरी में आयोजित करने हेतु मुख्य अभियंता राजघाट परियोजना जल संसाधन विभाग दतिया को निर्देशित कर कार्यपालन यंत्री पक्का बांध संभाग मढ़ीखेड़ा (जिला शिवपुरी) को आयोजक नियुक्त किया गया।

क्लब द्वारा की गई कार्यवाही की विस्तृत जानकारी श्री अखिलेश श्रीवास्तव प्रान्तीय अध्यक्ष द्वारा सदन में दी गई।

बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों /सदस्यों द्वारा प्रान्तीय क्लब द्वारा अल्प समय में की गई महत्वपूर्ण कार्यवाही का करतल ध्वनि से स्वागत कर, कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान कर अनुमोदन किया गया।

(मुईनउद्दीन कुरेशी)
प्रान्तीय महासचिव

एजेण्डा क्रं.--2:-- **26वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता (शिवपुरी) में आयोजन हेतु प्रस्तावित तिथि/खेल मैदान/आवासीय व्यवस्था पर चर्चा एवं निर्णयः—**

बैठक में श्री संतोष जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष ग्वालियर द्वारा जानकारी दी गई कि प्रान्तीय स्पोर्टस क्लब द्वारा दिये गये, निर्देशानुसार तत्काल प्रस्तावित तिथि के अनुसार जिला खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण शिवपुरी से श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर के मैदानों एवं परिसर में स्थित आवासीय व्यवस्था हेतु अनुरोध किया गया। जिला खेल–अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण शिवपुरी द्वारा दिनांक 09/03/2016 से 14/03/2016 तक श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर शिवपुरी में स्थित समस्त खेल मैदान (इन्डोर–आउटडोर) एवं स्टेडियम में उपलब्ध आवासीय व्यवस्था प्रदान कर दी जावेगी।

अतः सर्व सम्मति से 26वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता दिनांक 09/03/2016 से 14/03/2016 तक ग्वालियर क्षेत्र के तत्वाधान में शिवपुरी में आयोजित करने का निर्णय लियागया। बैठक के पूर्व क्षेत्रीय क्लब ग्वालियर के पदाधिकारियों द्वारा मैदानों एवं आवासीय व्यवस्था का अवलोकन बैठक में उपस्थित प्रान्तीय पदाधिकरियों/प्रान्तीय खेल संयोजकों/ प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्यों एवं क्षेत्रीय अध्यक्षों को कराया गया।

खेल मैदान–शिवपुरी स्थित श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में क्रिकेट, कबड्डी, फुटबाल, शूटिंगबाल, व्हालीवाल, लान टेनिस, बेडमिन्टन, के राष्ट्रीय मानक स्तर के मैदान/कोर्ट उपलब्ध है, जहां समस्त सुविधाऐं हैं, सरलता पूर्वक प्रतियोगिताऐं आयोजित की जा सकती है। टेबल टेनिस, कैरम, एवं शतरुज की स्पर्धाओं हेतु भी खेल परिसर में ही स्थान उपलब्ध है, जहां अच्छी व्यवस्था की जा सकती है। क्रिकेट के वरिष्ठ खिलाड़ी श्री गिरीश दाड़कर, श्री अवधेश भटनागर, फुटबाल के प्रान्तीय खेल संयोजक श्री अनिल सपेरा, कबड्डी के प्रान्तीय संयोजक श्री सुनील कुमार तिवारी, टेबल टेनिस के प्रान्तीय खेल संयोजक श्री फिरोज़ सरकारी, शूटिंगबाल के प्रान्तीय खेल संयोजक श्री आर.एस. शर्मा, व्हालीवाल के वरिष्ठ खिलाड़ी श्री बशारत खान, श्री निवास मिश्रा, लानटेनिस के पूर्व प्रान्तीय खेल संयोजक श्री एस.के. अग्रवाल बेडमिन्टन के वरिष्ठ खिलाड़ी पी.के. सक्सेना, कैरम के प्रान्तीय खेल संयोजक श्री शहिद हुसैन, शतरंज के प्रान्तीय खेल संयोजक श्री बी. के. शर्मा ने समस्त खेल मैदानों का बारीकी से निरीक्षण किया एवं उपलब्ध सुविधाओं पर संतोष व्यक्त किया। प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव द्वारा श्री संतोष जैन क्षेत्रीय अध्यक्ष ग्वालियर को निर्देशित किया कि जो भी मैदानों पर सुधार किया जाना हो,उन्हें 10 फरवरी 2016 तक अनिवार्य रूप से करा ले।

आवासीय व्यवस्था– क्षेत्रीय क्लब ग्वालियर द्वारा सर्वप्रथम श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर शिवपुरी में क्रिकेट मैदान के पीछे के भाग में स्थित लेफ्ट विंग के स्थान का अवलोकन कराया गया, इस स्थान पर सुसज्जित व्यवस्था है। यहां दो क्षेत्र के खिलाड़ी ठहर सकते हैं। स्टेडियम से लगे हुए निशात हाल, लकी गार्डन दो स्थान दिखाए गये। यहां पर ठहरने की व्यवस्था तो है, परन्तु पानी की व्यवस्था करना पड़ सकती है, अतः इसके स्थान पर वैकल्पिक स्थान देखने का निर्णय किया गया। इसके पश्चात छतरी रोड शिवपुरी स्थित चौकसे धर्मशाला का अवलोकन किया यहां पर बड़े–बड़े हाल, छोटे–कमरे है। पानी की 24 घण्टे व्यवस्था है, यहां पर सरलता से 2 क्षेत्र के खिलाड़ी ठहर सकते हैं।

(मुईनुद्दीन कुरैशी)
प्रान्तीय महासचिव

इसी रोड पर सुखसागर रेस्टोरेन्ट (प्रान्तीय पदाधिकारियों के लिये आरक्षित) में भी अच्छी व्यवस्थाऐं है, जहां एक क्षेत्र सरलता से ठहर सकता है। इसके बाद मुख्य–बाजार शिवपुरी में "होटल शिवपुरी" का अवलोकन किया गया, जिसमें सर्वसुविधायुक्त कमरें है। इस होटल में लगभग 130–140 खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था है। ग्वालियर क्षेत्र द्वारा दिखाई गई आवासीय व्यवस्था का क्षेत्रों की टीमों को प्रतियोगिता में लाने वाले क्षेत्रीय अध्यक्षों क्रमशः मनीष मांडलिक (भोपाल) श्री बशारत खान (होशंगाबाद), श्री दत्तात्रेय बराट (इन्दौर), श्री डी.पी मिश्रा (रीवा), श्री प्रवीण शर्मा (जबलपुर), द्वारा संतोष व्यक्त किया गया।

आवासीय व्यवस्था के अवलोकन के पश्चात संरक्षक श्री अरविन्द सिंह कुशवाह, प्रदेश संयोजक श्री दिनेश कुमार श्रीवास्तव, प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव, प्रान्तीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री प्रवीण शर्मा, प्रान्तीय महासचिव श्री मुईनउद्दीन कुरेशी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष श्री संतोश जैन से अनुरोध किया कि जो आवासीय व्यवस्थाऐं दिखाई गई है, उनमें से जो सबसे उपयुक्त एवं सर्वसुविधायुक्त है, उनको आरक्षित कराने के प्रयास पूर्व से ही करा लिये जावे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ग्वालियर द्वारा आश्वासन दियागया कि आवासीय व्यवस्थाओं का आरक्षण पूर्व से ही करायाजाकर प्रान्तीय कार्यकारिणी की आगामी बैठक में लाटरी पद्धति से आवासीय व्यवस्था क्षेत्रीय क्लबों को आवंटित की जावेगी। क्षेत्रीय क्लब ग्वालियर द्वारा अवगत कराया गया कि प्रत्येक क्षेत्र को एक–एक वाहन पृथक–पृथक से दी जावेगी, जिससे खिलाड़ियों को आवासीय व्यवस्था से मैदान में पहुंचने में कठिनाई न हो। प्रत्येक क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष की निगरानी में आवंटित वाहन रहेंगी।

एजेण्ड क्रं.–3:– <u>क्षेत्रीय क्लब भोपाल/इन्दौर/ग्वालियर/होशंगाबाद के क्षेत्रीय अध्यक्षों के कार्यकाल बढ़ाने हेतु की गई कार्यवाही का अनुमोदन।</u>

प्रान्तीय स्पोर्टस क्लब के पत्र क्रं. 38/प्रा.अ./स्पो./भोपाल015 दिनांक 26/12/2015 द्वारा क्षेत्रीय अध्यक्षों भोपाल/इन्दौर/ग्वालियर/होशंगाबाद के कार्यकाल में 6 माह अथवा निर्वाचन की तिथि जो भी पहले हो तक, की वृद्धि 26वीं अन्तर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता की सफलता के लिए की गई है, जिससे प्रतियोगिता में भागीदारी सुनिश्चित हो सकें। बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से प्रान्तीय क्लब द्वारा की गई कार्यवाही का अनुमोदन किया गया।

एजेण्ड क्रं.–4:– <u>स्पोर्टस क्लब के नियमोपनियम में संशोधन एवं पूर्व में किये गये समस्त संशोधनों का पुनः अनुमोदन।</u>

इस संबंध में प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव जी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों के संज्ञान में यह बात लाई गई कि स्पोर्टस क्लब के नियमोपनियम में पूर्व में जो भी संशोधन किये गये हैं उन पर फर्म्स एवं सोसायटी में अनुमोदन नहीं है। वर्ष 1988 में क्लब के गठन के समय जो नियमोपनियम बनाए गये थे, वहीं वर्तमान में प्रचलित है, अतः अभी तक जितने भी संशोधन किये गये हैं, उनका पुर्न–अनुमोदन रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटी से कराना स्पोर्टस क्लब की प्राथमिकता है।

प्रान्तीय अध्यक्ष ने आगे बताया कि वर्तगान में निम्न संशोधनों पर विचार विमर्श तथा निर्णय करना आवश्यक है।

1. पूर्व में नियमोपनियम में उल्लेखित संभागीय क्लबों को समाप्त करने बाबत् संशोधन।

(मुइनउद्दीन कुरेशी)
प्रान्तीय महासचिव

2. क्लब के गठन के समय अंकित 4 क्लबों में से एक क्लब छत्तीसगढ़ प्रदेश में स्थानान्तरण होने के कारण तीन क्षेत्रों के स्थान पर 6 क्षेत्रीय क्लबों संबंधी संशोधन।

3. भविष्य/आगामी होने वाले निर्वाचन में प्रान्तीय कार्यकारिणी का कार्यकाल 3 वर्ष के स्थान पर 4वर्ष तथा क्षेत्रीय अध्यक्ष का कार्यकाल 2 वर्ष के स्थान पर 3 वर्ष करने संबंधी संशोधन।

4. संरक्षक सदस्यों को मृत्यु पर्यन्त (Till for Death) तक मताधिकार का उपयोग करने की अनुमति (परन्तु क्लब में केवल संरक्षक, संयोजक के पद पर पात्रता प्रान्तीय क्लब के अनुमोदन पर) आजीवन सदस्यों को केवल सक्रिय सेवा (सेवानिवृत्त/पदच्युति/मृत्यु) तक ही सदस्यता प्रदान करने संबंधी संशोधन।

5. नियमोपनियम की कंडिका 18.1 से 18.5 तक की धाराओं को विलोपित करने बाबत् संशोधन।

6. स्पोर्टस क्लब में पूर्व में गठित उच्चाधिकार समिति के 3 दिवंगत सदस्यों स्व. श्री एन.डी.यादव (ग्वालियर) स्व. श्री ए.एन. पिसोलकर (जबलपुर) स्व. श्री हरीश परिहार (भोपाल) के स्थान पर तीन नवीन सदस्यों श्री अजय तायल (ग्वालियर) श्री चन्द्रकांत जाऊलकर (जबलपुर) श्री संतोष जोशी (भोपाल) को नवीन सदस्य बनाना है. पैतृक संस्थापक सदस्य उच्चाधिकारी समिति में पूर्वानुसार यथावत रहेगें।

पूर्व में दिये गये संशोधनों एवं वर्तमान में प्रस्तावित संशोधनों पर बैठक में उपस्थित समस्त पदाधिकारियों/सदस्यों द्वारा समग्र रूप से गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श कर सारगर्भित चर्चा की गई। अतः सर्वसम्मति से यह निर्णय लियागया कि पूर्व में दिये गये संशोधनों एवं प्रस्तावित संशोधनों का रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटी से क्लब हित में अनुमोदन करा लिया जावे। क्लब में अन्य संशोधनों के संबंध में श्री डी.पी. मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष रीवा तथा श्री दत्तात्रे बराट क्षेत्रीय अध्यक्ष इन्दौर द्वारा क्लब के नियमोपनियम में संशोधनों पर क्षेत्रीय क्लबों से सुझाव मांगे जाने का अनुरोध किया। जिस पर प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव ने अवगत कराया कि उपरोक्त अनुमोदन संशोधन क्लब हित में अनिवार्य होने से तत्काल कार्यवाही की जा रही है। भविष्य में क्षेत्रीय क्लबों से प्राप्त होने वाले संशोधन संबंधी लिखित सुझावों पर विचार किया जायेगा, सभी ने सहमति व्यक्त की। प्रान्तीय अध्यक्ष जी द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटी द्वारा जारी संशोधनों को पृष्ठों पर ही अनुमोदन किया जावेगा। बुकलेट पर संशोधन जारी नही किये जायेगें। अतः भविष्य में नियमोपनियम की पुस्तिका मान्य नहीं होगी।

एजेण्डा क्रं.–5:– <u>स्पोर्टस क्लब की वेबसाईड बनाने हेतु बजट का अनुमोदन।</u>

श्री मुईनउद्दीन कुरेशी प्रान्तीय महासचिव द्वारा जानकारी दी गई कि स्पोर्टस क्लब की ईमेल आई.डी mpwrdsports@gmail.com बनाई गई है। वर्तमान एवं आधुनिक समय की मांग है कि स्पोर्टस क्लब की वेबसाईट भी बनाई जावे ताकि स्पोर्टस क्लब अपडेट तथा सूचना प्रौद्योगिकी में सुदृढ़ हो सकें। इस वेबसाईट बनाने पर अनुमानित 40,000/– (रूपये चालीस हजार) का व्यय संभावित है।

(मुईनउद्दीन कुरेशी)
प्रान्तीय महासचिव

सर्वसम्मति से स्पोर्टस क्लब की वेबसाईड बनाने के लिये बजट का अनुमोदन किया गया इस हेतु प्रान्तीय वेब मैनेजर श्री जी.के. अग्रवाल को आवश्यक कार्यवाही तत्काल करने हेतु अधिकृत किया गया।

अन्य मुद्दे:– प्रान्तीय अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।

श्री प्रवीण कुमार शर्मा, श्री डी.पी. मिश्रा क्षेत्रीय अध्यक्ष (जबलपुर/रीवा) द्वारा एक खिलाड़ी को दो खेल खेलने की अनुमति देने का अनुरोध किया। इस बाबत् प्रान्तीय महासचिव द्वारा स्पष्ट किया गया कि इससे प्रतियोगिता में व्यवधान उत्पन्न होता है, तथा आयोजकों को बहुत कठिनाई होती है। अतः एक खिलाड़ी की केवल एक खेल में भागीदारी यथावत रखना क्लब हित में होगा। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 26वीं अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता पूर्व नियमों के आधार पर ही खेली जावेगी। प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव द्वारा जानकारी दी गई कि भविष्य में इस पर विचार किया जा सकता है। प्रान्तीय कार्यकारिणी सदस्य श्री संदीप जैन (जबलपुर) द्वारा सुझाव दिया गया कि न.घा.वि. प्रा. के बजट से भविष्य में जबलपुर अथवा अन्य स्थानों पर होने वाली खेल प्रतियोगिताओं हेतु पूर्व से ही आवंटन बाबत व्यवस्था कर ली जावे। प्रान्तीय संयुक्त सचिव श्री निवास मिश्रा (देवलोंद) द्वारा स्पोर्टस क्लब के खिलाड़ियों को सिविल सेवा की भांति सुविधाऐं दिलाने पर बल दिया। प्रान्तीय उपाध्यक्ष एवं प्रभारी जबलपुर श्री चन्द्रकांत जाऊलकर द्वारा क्लब के पुराने खिलाड़ियों को भी जोड़ने का सुझाव दिया। श्री एस.के. नामदेव प्रान्तीय कोषाध्यक्ष द्वारा सुझाव दिया कि प्रत्येक खिलाड़ी न्यूनतम 5/– प्रतिदिन के हिसाब से 30/– अंशदान प्रान्तीय क्लब को दे, जिसमें से 30% की राशि क्षेत्रीय क्लबों को आवंटित की जा सकें।

प्रान्तीय अध्यक्ष जी द्वारा विचार विमर्श कर आगामी बैठक में इस पर निर्णय/अनुमोदन का निर्देश दिया।

बैठक में उठाए गये समस्त मुद्दों पर समग्र रूप से विचार विमर्श किया गया। सरगर्भित तथा महत्वपूर्ण विषयों पर क्लब हित में उपस्थित सदस्यों द्वारा सहमति व्यक्त की गई, तथा निर्णय लिये गये।

प्रान्तीय अध्यक्ष श्री अखिलेश श्रीवास्तव जी द्वारा बैठक में उठाऐं गये मुद्दों के विषयों को गंभीरता पूर्वक सुना तथा अपना उचित निर्णय दिया। बैठक मे विशेष रूप से उपस्थित श्री आर.एन. सिंह कार्यपालन यंत्री (रूपांकन) कार्यालय अधीक्षण यंत्री सिंध परियोजना नहर मंडल शिवपुरी द्वारा सुझाव दिया गया कि, प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन समिति बनाई जाए, ताकि अनुशासनहीनता एवं खेल भावना के विपरीत आचरण करने पर तत्काल कार्यवाही की जा सकें। कार्यपालन यंत्री द्वारा दिये गये सुझाव का बैठक में उपस्थित समस्त सदस्यों द्वारा करतल ध्वनि से स्वागत कर इस लागू करने पर बल दिया।

बैठक का सफलतापूर्वक संचालन श्री मुईनउद्दीन कुरेशी प्रान्तीय महासचिव द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन स्पोर्टस क्लब के संरक्षक महोदय श्री अरविन्द सिंह कुशवाह जी द्वारा अपनी विशिष्ट भाषा शैली एवं चिरपरिचित अंदाज में किया।

मेजबांन क्षेत्रीय स्पोर्टस क्लब ग्वालियर द्वारा बैठक में पधारनेवाले पूरे प्रदेश के



(मुईनउद्दीन कुरेशी)
प्रान्तीय महासचिव

पदाधिकारियों की अगवानी की जाकर उत्कृष्ट वाहन व्यवस्था की गई, जिसकी सभी ने सराहना की।

आगामी बैठक में मिलने की प्रतीक्षा के साथ............

जयहिन्द, जय स्पोर्टस क्लब

(मुईनउद्दीन कुरेशी)
प्रान्तीय महासचिव

पृष्ठा. 46/प्रा.महा/बैठक/16 भोपाल, दिनांक 13/1/2016

प्रतिलिपि:–

1. प्रमुख अभियंता, जल संसाधन विभाग एवं मुख्य ट्रस्टी, स्पोर्टस क्लब, म.प्र.
2. सदस्य (अभियांत्रिकी), नर्मदाघाटी विकास विभाग, भोपाल एवं मुख्य ट्रस्टी, स्पोर्टस क्लब, म.प्र.
3. परियोजना संचालक, विश्व बैंक परियोजनाऐं जल संसाधन विभाग, भोपाल।
4. आयुक्त, कमाण्ड क्षेत्र विकास, (काड़ा) जल संसाधन विभाग, भोपाल।
5. मुख्य अभियंता राजघाट परियोजना जल संसाधन विभाग दतिया।
6. समस्त मुख्य अभियंता जल संसाधन विभाग म.प्र.
7. समस्त मुख्य अभियंता, नर्मदाघाटी विकास विभाग म.प्र.
8. रजिस्ट्रार फर्म्स एवं सोसायटी म.प्र.।
9. कार्यपालनं यंत्री पक्का बांध संभाग मढ़ीखेड़ा (शिवपुरी) एवं आयोजक 26वीं अनतर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता शिवपुरी।
10. श्री मनोहर बराटे अनुविभागीय अधिकारी पक्का बांध उपसंभाग मढ़ीखेड़ा एवं उप–आयोजक 26 वी अन्तरक्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता।
11. श्री जी.के. अग्रवाल प्रान्तीय वेब मैनेजर स्पोर्टस क्लब भोपाल की ओर कार्यवाही विवरण प्रेषित कर अनुरोध है कि, कृपया विभागीय अधिकारियों स्पोर्टस क्लब के पदाधिकारियों को ईमेल द्वारा सूचित करें।
12. क्लब फाईल

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

(मुईनउद्दीन कुरेशी)
प्रान्तीय महासचिव